राजधानी •
वर्ष 18 | अंक 247 | पृष्ठ: 14+4
मूल्य : तीन रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
मंगलवार, 15 दिसंबर 2020

तैयारी

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने के लिए हुआ चयन, यमुना प्राधिकरण के बोर्ड ने भी फिल्म सिटी को किया मंजूर

सीबीआरई कंपनी 60 दिन में लिखेगी फिल्म सिटी की पटकथा

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में बनने वाली फिल्म सिटी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी तैयार करेगी। वित्तीय निविदा के जरिये सोमवार को कंपनी का चयन हुआ। कंपनी को 60 दिन में परियोजना तैयार करनी है। वहीं, सोमवार को यीडा के बोर्ड ने भी फिल्म सिटी परियोजना को मंजूरी दे दी है। प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कराने के लिए प्राधिकरण ने कंपनियों से प्रस्ताव मांगे थे। इसके लिए चार कंपनियों ने आवेदन किया था। तकनीकी निविदा के बाद शुक्रवार को इनमें से दो कंपनियों के प्रस्ताव रद्द कर दिए गए। सोमवार को दो कंपनियों ने वित्तीय निविदा में हिस्सा लिया। इसमें सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड को चुना गया। यह कंपनी फॉर्च्यून 500 कंपनियों में 128 वें नंबर पर आती है। कंपनी के पास इस तरह की परियोजनाओं का अनुभव है।

06
किमी दूर है एयरपोर्ट से

इस कंपनी ने कैलिफोर्निया में न्यू साउंड स्टेज, आयरलैंड में फिल्म स्टूडियो, बंगलूरू में थीम पार्क व लेजर फैसिलिटी और हैदराबाद में एंटरटेनमेंट पार्क की थीम तैयार की है। कंपनी से कहा गया है कि वह 60 दिनों में रिपोर्ट तैयार कर प्राधिकरण को दे, यानी 14 फरवरी तक रिपोर्ट बन जाएगी। इसके बाद इसे प्रदेश मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। वहां से पास होने के बाद परियोजना पर काम शुरू होगा। फिल्म सिटी को विकसित करने का क्या मॉडल होगा, यह परियोजना रिपोर्ट से तय होगा। मंत्रिमंडल इस पर निर्णय लेगा।

सेक्टर-21 में बनने वाली इस फिल्म सिटी से प्रस्तावित नोएडा एयरपोर्ट की दूरी लगभग 6 किमी है। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से यह 12 किमी की दूरी पर है और यमुना एक्सप्रेसवे से लगभग सटी हुई है। वहीं सोमवार को बोर्ड बैठक में फिल्म सिटी परियोजना की भी समीक्षा की गई। परियोजना पर तेजी से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

दो वर्ष में कर्ज से उबर जाएगा यमुना प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा। यमुना प्राधिकरण की सोमवार को बोर्ड बैठक में वित्तीय स्थिति की समीक्षा की गई। इसमें बताया गया है कि अगले दो वर्ष में प्राधिकरण ऋण मुक्त हो जाएगा। सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि प्राधिकरण पर 2027 करोड़ रुपये का कर्ज है। 1100 करोड़ रुपये नोएडा प्राधिकरण का है। नोएडा प्राधिकरण को अब 25 करोड़ रुपये हर महीने दिया जाएगा। कोविड का असर खत्म होने के बाद यह राशि 50 करोड़ रुपये कर दी जाएगी। नोएडा प्राधिकरण साधारण ब्याज लेगा। सीईओ ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में आमदनी पिछले वर्ष की तुलना में 150 गुना अधिक होने की उम्मीद है। ब्यूरो